**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित समिति की दिनांक 10.07.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त**

पत्रांक– 4456 / M-08 /128 दिनांक 16-7-2026

जनपद फर्रूखाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 10.07.2026 को जिलाधिकारी महोदया, फर्रूखाबाद द्वारा की गई । समीक्षा बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत् है:–

1. जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद । (अध्यक्ष)
2. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (उपाध्यक्ष)
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, फर्रूखाबाद । (सदस्य)
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
5. श्री सिद्धार्थ बिसवल, डी0पी0एम0, मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0,फर्रूखाबाद। (टी0पी0आई0)
6. श्री सौरभ, एम0आई0एस0, डी0पी0एम0यू0, फर्रूखाबाद । (डी0पी0एम0यू0)
7. श्री अशोक शर्मा, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
8. श्री अशोक सिंह, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
9. श्री प्रताप, डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)

**समीक्ष बैठक में जिलाधिकारी महोदया, फर्रुखाबाद द्वारा निम्न बिन्दुओं पर निर्देश दिये गये जिनका विवरण निम्नानुसार है:–**

1. सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधोहस्ताक्षरी से समस्त जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत एजेंसी के समस्त स्टॉफ हेतु पूँछा गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यरत एजेंसी फेज–02 मै0 जी0वी0पी0आर0, फेज–03 में मै0 वी0टी0एल0 गजा, जिला समन्वयक एवं अनुश्रवण इकाई, मेंधज टैक्नों कान्सेप्ट (डी0पी0एम0यू0), बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि0, (टी0पी0आई0) स्टाफ से परिचय कराया गया समीक्षा के दौरान मौजूद फेज–02 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक शर्मा एवं श्री अशोक सिंह एवं फेज–03 के प्रतिनिधि श्री प्रताप सिंह , श्री सिद्धार्थ बिसवल–डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर (टी0पी0आई0) फर्रुखाबाद उपस्थित रहे।
2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में कराये जा रहे समस्त कार्यो की प्रगति से जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया। दोनों एजेंसियों द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति का विवरण निम्नवत् है–

**फेज–02 की प्रगति का विवरण:–**

| Sr.No | Work Detail | Unit | Scope/Target | Achievement | Work Done |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boundary Wall | Nos. | 227 | 211 | 93% |
| 2 | Tubewell | Nos. | 255 | 255 | 100% |
| 3 | Over Head Tank | Nos. | 227 | 71 | 31.27% |
| 4 | Pump House | Nos. | 255 | 244 | 95% |
| 5 | Solar Installation | Nos. | 227 | 205 | 90% |
| 6 | Automation System | Nos. | 227 | 30 | 13% |
| 7 | HDPE Pipe Laying | Km. | 1819 | 1702 | 93% |
| 8 | House Connections | Nos. | 117748 | 114485 | 97.23% |
| 9 | Road Restoration | Km. | 817 | 760 | 93% |
| 10 | Regular Water Supply | Nos. | 400 | 234 | 59% |
| 11 | Har Ghar Jal Status | Nos. | 400 | 279 Reported<br>64 completed | 16% |
| 12 | O&M Schemes | Nos. | 227 | 4 | 1.76% |

Scanned with OKEN Scanner

<u>फेज–03 की प्रगति का विवरण:–</u>

| Sr.No | Work Detail | Unit | Scope/Target | Achievement | Work Done |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boundary Wall | Nos. | 168 | 162 | 96% |
| 2 | Tubewell | Nos. | 168 | 167 | 99% |
| 3 | Over Head Tank | Nos. | 154 | 151 | 98.05% |
| 4 | Pump House | Nos. | 168 | 166 | 99% |
| 5 | Solar Installation | Nos. | 124 | 124 | 100% |
| 6 | Electricity Installation | Nos. | 27 | 23 | 85.18% |
| 7 | Automation System | Nos. | 168 | 162 | 96% |
| 8 | HDPE Pipe Laying | Km. | 1722.63 | 1681.34 | 98% |
| 9 | House Connections | Nos. | 82452 | 81272 | 98.56% |
| 10 | Road Restoration | Km. | 852.90 | 832.42 | 98% |
| 11 | Regular Water Supply | Nos. | 318 | 260 | 82% |
| 12 | Har Ghar Jal Status | Nos. | 318 | 309 Reported<br>176 completed | 55% |
| 13 | O&M Schemes | Nos. | 151 | 122 | 81% |

3. जिलाधिकारी महोदया द्वारा जल जीवन मिशन फेज–02 के अन्तर्गत कार्यरत एजेंसी मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक सिंह द्वारा एजेंसी में कार्यरत तकनीकी स्टॉफ एवं सुपरवाइजर्स की संख्या पूँछी गई जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया कि एजेंसी में 06 सहायक अभियन्ता एवं 10 जू0इंजी0 एवं 08 सुपरवाइजर्स कार्य हेतु तैनात है साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–03 में कार्यरत एजेंसी मै0 वी0टी0एल0 गजा के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा एजेंसी में 02 डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनजर, 04 सीनीयर इंजीनियर, 15 इंजीनियर एवं 46 सुपरवाईजर्स ब्लाकवार तैनात होना अवगत कराया गया ।
4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिलाधिकारी महोदया को मै0 जी0वी0पी0आर0 फेज–02 के अन्तर्गत कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया जिसमें 227 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष मात्र 71 नग पर ही कार्य पूर्ण किया गया है साथ ही 227 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मात्र 04 नग पेयजल योजनाओं को O&M (संचालन एवं अनुरक्षण में) ले जाया जा सका है एवं 04 नग योजनाओं को O&M (संचालन एवं अनुरक्षण में) ले जाने हेतु फाइल तैयार है। साथ ही हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य भी वर्तमान तक 64 राजस्व ग्रामों में ही हुआ है। अत्यन्त कम प्रगति पर जिलाधिकारी महोदया द्वारा रोष प्रकट किया गया साथ ही वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सडको में मरम्मत का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण न होने पर भी कार्यरत एजेंसी पर कठोर कार्यवाही करने हेतु अधोहस्ताक्षरी को निर्देशित किया गया ।
5. जिलाधिकारी महोदया द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 के आटोमेशन के संबंध में पृच्छा करने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा 30 पेयजल योजनाओं पर ओटोमेशन लगाया जा चुका है एवं 10 पेयजल योजनाओं पर आटोमेशन लगाने का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उक्त 10 नग पेयजल योजनाओं की सूची को जिला विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने एवं जिला विकास अधिकारी को उपलब्ध सूची के अनुसार कार्यस्थल पर लगाये जाने वाले आटोमेशन का निरीक्षण करने के निर्देश दिये ।
6. जिलाधिकारी महोदया, फर्रुखाबाद को एजेंसी द्वारा धीमी प्रगति का संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अधोहस्ताक्षरी को मै0 जी0वी0पी0आर0 के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ जनपद से ब्लैकलिस्ट/डिवार करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

7. जिलाधिकारी महोदया द्वारा पेयजल येजनाओं पर लगी हुई श्रमशक्ति के संबंध में पूंछने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा आवश्यकता से कम श्रमशक्ति होना बताया जिस पर जिलाधिकारी महोदया द्वारा रोष व्यक्त किया गया साथ ही कार्यदायी फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 को श्रमशक्ति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर फर्म के प्रतिनिधि श्री अशोक सिंह ने श्रमशक्ति बढ़ाने हेतु आश्वासन दिया गया।

8. जिलाधिकारी महोदया द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 को 75-90% पूर्ण योजनाओं को माह सितम्बर, 2026 में पूर्ण करने हेतु मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये एवं 51-75% पूर्ण 55 नग योजनाओं पर एकसाथ श्रमशक्ति लगाने के निर्देश दिये गये साथ ही जिन पेयजल योजनाओं का कार्य 25% या उससे अधिक पूर्ण है उन्हें मार्च 2027 तक पूर्णकर पेयजल योजनाओ को O&M (संचालन एवं अनुरक्षण में) ले जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेज–03 के कार्यों एवं प्रगति के संबंध में जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया साथ ही जिलाधिकारी महोदया द्वारा मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा कराये गये कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया ।

10. फेज–03 मे अवशेष 03 नग योजनायें क्रमशः गौसरपुर नगला दाऊद, पथरामई, अलियापुर के संबंध में जानकारी मांगने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि गौसरपुर, नगला दाऊद में उच्च जलाशय निर्माण हेतु भूमि का वाद मा0 न्यायालय मे विचाराधीन होने के कारण वर्तमान मे कार्य कराया जाना संभव नही। इसी प्रकार पथरामई के विषय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि पथरामई पेयजल योजना पर आवंटित भूमि पर प्रक्रिया लखनऊ वन विभाग मुख्यालय पर लंबित है जिसकी स्वीकृति आपेक्षित है। इसके अतिरिक्त अलियापुर पेयजल योजना पर रेलवे विभाग द्वारा रोक लगाने के फलस्वरूप रेलवे विभाग से स्वीकृति हेतु प्रक्रिया की जा रही है वर्तमान में स्वीकृति हेतु आवश्यक प्रपत्र रेलवे विभाग बरेली में प्रेषित किये जा चुके है, जिसकी स्वीकृति आपेक्षित है।

11. जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधोहस्ताक्षरी से जनपद में प्रस्तावित एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष प्रगति एवं हर घर जल की प्रगति हेतु पूँछा गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद में कुल प्रस्तावित 252320 नग गृहसंयोजन के सापेक्ष माह जून में 248503 नग गृहसंयोजन का कार्य पूर्ण बताया गया जिसकी प्रगति का प्रतिशत 98.48% बताया गया परन्तु पोर्टल अपडेट न होने के कारण उक्त प्रगति पोर्टल पर परिलक्षित नही हो रही है साथ ही हर घर जल प्रमाणीकरण मै0 जी0वी0पी0आर0 64 नग एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा 166 नग का कार्य पूर्ण बताया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदया द्वारा जल्द से जल्द गृहसंयोजन का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही योजनाओं के अन्तर्गत समस्त कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कर O&M(संचालन एवं अनुरक्षण) में ले जाने हेतु भी निर्देश दिये गये ।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद।

पत्रांक– / / दिनांक

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद।
5. जिला विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद।
7. मै0 मेघज टैक्नो कोन्सेप्ट, प्रा0 लि0, डी0पी0एम0यू0, फर्रुखाबाद।
8. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0 टी0पी0आई0, फर्रुखाबाद।
9. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
10. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 जे0वी0, नोएडा।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner